Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 08-05-2007

Participants : Mahajan Smt. Sumitra

an>

Title: Need to construct railway line between Indore and Manmad.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : महोदय, इंदौर-मनमाड नई रेल लाइन की मांग मैं सतत् उठा रही हूँ जिसके संदर्भ में मैंने संसद में प्र ाश्न भी पूछा था। मेरे लिखित प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्रालय द्वारा बताया गया कि इंदौर-मनमाड 350 कि.मी. का सर्वे किया गया और सर्वे रिपोर्ट के अनुसार निर्माण की लागत करीब 1000 करोड़ रुपये आएगी, लेकिन रेट ऑफ रिटर्न निगेटिव बताया गया। मेरा निवेदन है कि इंदौर, मध्य प्रदेश से महाराट्र के लिए बहुत ज्यादा ट्रैफिक है। पूरे दक्षिण में व्यापार से मध्य प्रदेश जुड़ता है। अब मुंबई आगरा राजमार्ग भी इंदौर खलघाट का फोर लेन हो रहा है यानी भविय में विकास दर बढ़ना है। ऐसे में यह लाइन आवश्यक सिद्ध होगी।

रेल मंत्रालय द्वारा यह भी प्रस्तावित किया गया कि अगर मध्य प्रदेश सरकार 50 प्रतिशत खर्चा उठाती है तो परियोजना को प्र ाथमिकता दी जा सकती है। यह व्यवस्था वास्तविकता से परे है क्योंकि देश में प्रति 100 वर्ग मीटर पर 18 कि.मी. रेल लाइन है। वहीं मध्य प्रदेश में प्रति 100 वर्ग मीटर पर 15 कि.मी. रेल लाइन है जबकि मध्य प्रदेश से देश के हर कोने की ओर जाने वाली रेल लाइन गुज़रती है। इसके बावजूद मध्य प्रदेश में रेल लाइन का घनत्व कम है। रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता के अधार पर पूर्ण करने के लिए राज्यों को 50 प्रतिशत हिस्से की मांग की है। यदि समृद्ध राज्य जिसमें रेल घनत्व 18 कि.मी. या इससे ज्यादा है, 50 प्रतिशत राशि देते हैं तो उनमें रेल लाइन और प्राथमिकता से बनेगी। ऐसी स्थिति में राज्यों के बीच विकास का अंतर बढ़ेगा।

समान सिद्धांतों के अनुरूप मंत्रालय का यह दायित्व है कि कम घनत्व वाले एवं आर्थिक दृटि से पिछड़े प्रदेशों में प्राथमिकता से रेल परियोजना बनाई जाए। अतः रेल मंत्री जी से मेरा यह आग्रह है कि उपर्युक्त परिस्थितियों को देखते हुए नीति में परिवर्तन कर उपर्युक्त रेल लाइन इंदौर-मनमाड को शीघ्र मंज़ूरी दिलाएं।